**भारत सरकार**
**श्रम और रोजगार मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 100**
**सोमवार, 25 नवंबर, 2024 / 4 अग्रहायण, 1946 (शक)**

# असंगठित श्रमिकों के लिए कल्याणकारी योजनाएं

**100. श्रीमती कनिमोझी करुणानिधि:**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) असंगठित श्रमिकों के कल्याण के लिए योजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान ई-श्रम पोर्टल के अंतर्गत विशेष रूप से तमिलनाडु में पंजीकृत श्रमिकों की संख्या का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) प्रधानमंत्री श्रम-योगी मानधन (पीएम-एसवाईएम) योजना के लिए श्रमिकों की संख्या का ब्यौरा क्या है तथा वर्तमान में इस योजना के अंतर्गत पेंशन लाभ प्राप्त करने वाले लाभार्थियों की संख्या का राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) पिछले तीन वर्षों के दौरान ई-श्रम पोर्टल में पंजीकरण के पश्चात् कौशल संवर्धन तथा प्रशिक्षुता अवसर पाने वाले असंगठित श्रमिकों की संख्या का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**श्रम और रोजगार राज्य मंत्री**
**(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)**

(क) से (घ): केंद्र सरकार असंगठित कामगारों सहित अन्य कामगारों के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं संचालित करती है जिनमें अन्य योजनाओं सहित (i) आयुष्मान भारत - प्रधान मंत्री जन आरोग्य योजना (एबीपीएमजेएवाई), (ii) प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई), (iii) प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई), (iv) प्रधान मंत्री श्रम योगी मान-धन (पीएम-एसवाईएम), (v) बीड़ी/सिने और गैर-कोयला खदान कामगारों के लिए श्रम कल्याण योजना और स्वास्थ्य देखभाल सुविधाएं, (vi) कर्मचारी राज्य बीमा योजना, (vii) राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत वन-नेशन-वन-राशन-कार्ड योजना के माध्यम से सार्वजनिक वितरण प्रणाली (viii) दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना, (ix) प्रधान मंत्री आवास योजना, (x) महात्मा गांधी बुनकर बीमा योजना, (xi) दीन दयाल अंत्योदय योजना, (xii) पीएमस्वनिधि, (xiii) प्रधान मंत्री कौशल विकास योजना शामिल हैं।

इसके अतिरिक्त, राज्य सरकारें भी श्रमिकों के कल्याण के लिए विशिष्ट योजनाएं संचालित करती हैं।

पिछले तीन वर्षों के दौरान तमिलनाडु सहित पंजीकृत कामगारों की संख्या से संबंधित राज्य-वार ब्यौरा अनुबंध-'क' में संलग्न है।

18-40 वर्ष के आयु वर्ग के असंगठित कामगारों के लिए फरवरी, 2019 में पीएम-एसवाईएम की शुरुआत की गई थी। दिनांक 19.11.2024 की स्थिति के अनुसार, पीएम-एसवाईएम योजना के अंतर्गत कुल 50,73,265 कामगार पंजीकृत हैं। लाभार्थियों के लिए पेंशन के रूप में वित्तीय सहायता 60 वर्ष की आयु पूरी करने के पश्चात ही शुरू होगी, लाभार्थियों को पेंशन का प्रथम भुगतान वर्ष 2039 में किया जाएगा।

असंगठित कामगारों के लिए कौशल वृद्धि तथा शिक्षुता के अवसर प्रदान करने के लिए, ईश्रम पोर्टल को कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय के अंतर्गत स्किल इंडिया डिजिटल पोर्टल (एसआईडीएच) के साथ एकीकृत किया गया है। ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत असंगठित कामगार अब एसआईडीएच पोर्टल पर उपलब्ध कौशल विकास कार्यक्रमों का उपयोग कर सकते हैं।

*                ******

**अनुबंध-क**

**'असंगठित श्रमिकों के लिए कल्याणकारी योजनाएं' के संबंध में श्रीमती कनिमोझी करुणानिधि द्वारा दिनांक 25.11.2024 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 100 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

| क्र.सं. | राज्य | वित्त वर्ष 2021-22 में पंजीकरण | वित्त वर्ष 2022-23 में पंजीकरण | वित्त वर्ष 2023-24 में पंजीकरण | वित्त वर्ष 2024-25 में पंजीकरण (दिनांक 18.11.2024 तक) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह | 26,713 | 1,794 | 2,536 | 1,212 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 42,06,913 | 37,49,535 | 1,13,921 | 52,559 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 84,430 | 56,805 | 4,721 | 49,104 |
| 4 | असम | 65,43,679 | 4,01,878 | 2,05,463 | 4,11,431 |
| 5 | बिहार | 2,80,17,350 | 5,69,357 | 5,29,823 | 4,26,866 |
| 6 | चंडीगढ़ | 1,70,642 | 3,858 | 4,597 | 5,694 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 78,91,585 | 3,85,758 | 1,53,976 | 84,847 |
| 8 | दिल्ली | 31,89,328 | 66,601 | 1,08,534 | 68,398 |
| 9 | गोवा | 21,759 | 37,911 | 9,288 | 5,836 |
| 10 | गुजरात | 81,82,356 | 27,78,802 | 6,08,573 | 2,91,260 |
| 11 | हरियाणा | 51,61,259 | 98,242 | 49,425 | 38,261 |
| 12 | हिमाचल प्रदेश | 18,60,546 | 64,654 | 35,670 | 19,472 |
| 13 | जम्मू और कश्मीर | 32,07,846 | 1,78,939 | 70,055 | 67,082 |
| 14 | झारखण्ड | 89,24,942 | 2,49,404 | 1,53,939 | 2,60,206 |
| 15 | कर्नाटक | 60,29,383 | 15,05,940 | 9,31,684 | 17,36,456 |
| 16 | केरल | 58,25,540 | 80,051 | 51,295 | 43,835 |
| 17 | लद्दाख | 22,187 | 7,398 | 2,716 | 916 |
| 18 | लक्षद्वीप | 465 | 1,976 | 92 | 191 |
| 19 | मध्य प्रदेश | 1,56,21,111 | 13,68,260 | 5,53,747 | 8,26,711 |
| 20 | महाराष्ट्र | 1,16,91,689 | 18,60,056 | 8,42,684 | 28,38,330 |
| 21 | मणिपुर | 3,78,972 | 26,861 | 30,882 | 14,423 |
| 22 | मेघालय | 2,05,732 | 86,523 | 18,777 | 14,129 |
| 23 | मिजोरम | 30,611 | 27,745 | 5,481 | 1,045 |
| 24 | नागालैंड | 2,05,259 | 13,508 | 2,950 | 9,478 |
| 25 | ओडिशा | 1,32,46,654 | 86,619 | 63,107 | 1,18,572 |
| 26 | पुदुचेरी | 1,74,414 | 2,152 | 7,606 | 4,719 |
| 27 | पंजाब | 53,99,180 | 1,00,818 | 1,10,128 | 1,48,681 |
| 28 | राजस्थान | 1,19,09,263 | 9,37,838 | 8,76,937 | 4,59,973 |
| 29 | सिक्किम | 11,137 | 14,656 | 13,044 | 3,075 |
| 30 | तमिलनाडु | 70,48,372 | 13,58,240 | 1,65,811 | 2,91,182 |
| 31 | तेलंगाना | 34,08,125 | 7,43,269 | 1,99,660 | 87,896 |
| 32 | दादरा और नागर हवेली तथा दमन व दीव | 71,685 | 1,271 | 659 | 641 |
| 33 | त्रिपुरा | 8,15,560 | 29,821 | 25,346 | 12,460 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 8,26,12,226 | 4,04,713 | 4,71,177 | 2,37,481 |
| 35 | उत्तराखंड | 29,32,554 | 43,430 | 40,355 | 33,987 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 2,53,96,794 | 4,20,468 | 4,32,884 | 1,43,519 |
| **कुल** | | **27,05,26,261** | **1,77,65,151** | **68,97,543** | **88,09,928** |

******